दिन– रविवार

दिनांक– 12/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए संसद के सभी सदस्यों से सहयोग का आह्वान किया।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक चौदह अप्रैल को होगी। भाजपा ने विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया।

03. प्रख्यात गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले का बानवे वर्ष की उम्र में मुंबई में निधन। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री समेत अन्य लोगों ने गहरा शोक प्रकट किया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का पूर्वानुमान व्यक्त किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण कानून पर सच्ची भावना के साथ अमल करने का समय आ गया है ताकि दो हजार उनतीस से लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ हों। लोकसभा और राज्यसभा में सदन के नेताओं को लिखे पत्र में श्री मोदी ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे महिला आरक्षण कानून में संशोधन के मुद्दे पर एकजुट हों। इस कानून को नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया गया है।

–––साउंड बाइट–––

इन संशोधनों को पारित करने के लिए संसद के बजट सत्र की अवधि बढाई गई थी। तीन दिन का विशेष सत्र 16 से 18 अप्रैल तक चलेगा। महिला आरक्षण अधिनियम से लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़कर आठ सौ 16 हो जाएगी। इसमें 273 सीटें महिलाओं के लिए होंगी। लोकसभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान 2023 में संविधान संशोधन के ज़रिए किया गया था। इस बीच भाजपा ने पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को संसद के इस विशेष सत्र में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है। इसमें कहा गया है कि इस अवधि में सदन में उपस्थिति अनिवार्य है और कोई छुट्टी मंजूर नहीं की जाएगी। आकाशवाणी समाचार के लिए शशांक कुमार।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक चौदह अप्रैल को बुलाई गयी है। अपर सचिव अखिलेश कुमार सिंह की ओर से जारी पत्र के अनुसार चौदह अप्रैल को सुबह ग्यारह बजे से मंत्रिपरिषद की बैठक मुख्य सचिवालय, पटना में

होगी। इधर, भाजपा ने विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

---

राजद नेता और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया है कि बिहार में रिमोट से सरकार चल रही है। श्री यादव ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राज्य में नये सीएम का फैसला भी दिल्ली से किया जाएगा।

---साउंड बाइट---

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने तेजस्वी प्रसाद यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि चुनाव में हार के बाद भी पार्टी को होश नहीं आया है। श्री सरावगी ने आज पटना में कहा कि राज्य में नई सरकार के गठन के लिए एनडीए घटक दलों के बीच बातचीत जारी है।

---साउंड बाइट---

---

भोजपुर—बक्सर स्थानीय प्राधिकार क्षेत्र से विधान परिषद उपचुनाव के लिए एनडीए की ओर से जदयू के कन्हैया प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है। कन्हैया प्रसाद राजद के सोनू कुमार राय को सीधी टक्कर देंगे। यह सीट पहले राधाचरण शाह के पास थी। दो हजार पच्चीस के विधानसभा चुनाव में श्री शाह के संदेश सीट से विधायक चुने जाने के बाद से यह सीट खाली थी।

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है और कल बावन लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देशभर में प्रवर्तन कार्रवाई जारी है। मंत्रालय ने कहा कि देशभर में दो हजार सात सौ से अधिक छापे मारे गए हैं। अब तक दो हजार उन्नीस एलपीजी वितरकों पर जुर्माना लगाया है और छप्पन वितरकों को निलंबित किया है। मंत्रालय के अनुसार तेईस मार्च से अब तक छात्रों और प्रवासी श्रमिकों सहित

कमजोर समुदायों को तेरह लाख से अधिक पांच–किलो के एलपीजी सिलेंडर वितरित किए जा चुके हैं।

---

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमरीका और ईरान के बीच लगभग इक्कीस घंटे तक चली शांति वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई है। अमरीका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बताया कि बातचीत में कोई समझौता नहीं हो सका। वार्ता के प्रमुख मुद्दों में पश्चिम एशिया में युद्धविराम, अमरीका में रोकी गई ईरानी संपत्तियों को रिहा करने और हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य खोलने से जुड़े विषय शामिल थे।

---

प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अंतर्गत भारतीय रेलवे का विस्तार हो रहा है। वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में पंद्रह लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ छह हजार किलोमीटर से अधिक के रेलवे नेटवर्क को कवर किया जाएगा। रेल मंत्रालय ने बताया कि यह विस्तार पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में एक सौ दस प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय के अनुसार वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में नई लाइनों, दोहरीकरण, मल्टीट्रैकिंग और अन्य कार्यों से संबंधित कुल सौ रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

---

दिग्गज गायिका और पद्‌म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले का आज मुंबई में बानवे वर्ष की आयु में निधन हो गया। आशा भोसले को कल शाम सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका अंतिम संस्कार कल शाम चार बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में किया जाएगा। आशा भोसले अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती थीं और उन्होंने रोमांटिक गीतों और ग़ज़लों से लेकर जोशीले गानों तक कई यादगार गीतें गाईं। एक श्रद्धांजलि....

——— श्रद्धांजलि———

आशा भोसले ने अपने आठ दशकों से भी अधिक लंबे कार्यकाल में विभिन्न भाषाओं में 12,500 से ज्यादा गीत रिकॉर्ड किए। उन्होंने मराठी फिल्मों से अपने करिअर की शुरुआत की और 1948 में 'चुनरिया' फिल्म के साथ हिंदी फिल्म जगत में प्रवेश किया। लता मंगेशकर, शमशाद बेगम और गीता दत्त जैसे दिग्गजों के बीच उन्होंने अपनी कला के दम पर एक अलग पहचान बनाई, और अपने लंबे करियर के दौरान कई प्रमुख अभिनेत्रियों के लिए अपनी आवाज़ दी। उन्हें दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, अठारह महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार, नौ फिल्मफेयर पुरस्कार जिनमें एक लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड भी शामिल है, तथा सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायन के लिए रिकॉर्ड सात फिल्मफेयर पुरस्कार प्राप्त हुए। वर्ष 2000 में उन्हें सिनेमा के क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च सम्मान दादासाहेब फालके पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष 2008 में भारत सरकार ने उन्हें देश के दूसरे सर्वोच्च नागरी सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया। गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने 2011

में उन्हें संगीत इतिहास की सबसे अधिक रिकॉर्डिंग करने वाली कलाकार के रूप में मान्यता दी। उनके निधन से संगीत जगत में एक ऐसी कमी पैदा हो गई है, जिसे भर पाना असंभव है।

---

महान गायिका आशा भोसले के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और फिल्म जगत के कई कलाकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त करतें हुए कहा कि उन्होंने अपनी मधुर और सदाबहार आवाज से दशकों तक भारतीय संगीत को समृद्ध किया। राष्ट्रपति ने कहा कि उनका निधन संगीत प्रेमियों के लिए एक अपूरणीय क्षति है और उनका संगीत अमर रहेगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आशा भोसले भारत की सर्वाधिक प्रतिष्ठित और बहुमुखी पार्श्व गायिकाओं में से एक थीं। उन्होंने कहा कि दशकों तक उनके असाधारण संगीतमय सफर ने देश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया। श्री मोदी ने कहा कि उनके गीत सदैव गूंजते रहेंगे। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आशा भोसले के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जाना भारतीय संगीत के एक युग का अंत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां आशा भोसले को भारतीय संस्कृति के एक प्रतीक के रूप में हमेशा याद रखेगी।

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापित अवधेश नारायण सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव सहित अन्य पार्टियों की ओर से भी आशा भोसले के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गई है। प्रख्यात लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने भी आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है।

———साउंड बाइट———

---

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास के डेहरी में अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राज्य के दक्षिण—पश्चिम और दक्षिण—मध्य हिस्सों के कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के अनेक भागों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि की संभावना जताई है।

———साउंड बाइट———

---

सीवान के महावीर पुरम में प्रज्ञा चेतन प्रवाह के तत्वाधान में गायिका आशा भोंसले के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके गीतों को गाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने औरंगाबाद जिले के बारून में समाज सेविका अरुणलता सिन्हा के प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने लोगों से राष्ट्र और समाज के लिए बेहतर काम करने की अपील की।

---

कटिहार के जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया है कि जिले के तीनों अनुमंडलों में चौवन गैस एजेंसियों के पास तेरह हजार से अधिक घरेलू सिलेंडर उपलब्ध हैं।

---

रोहतास जिले के नगर थाना क्षेत्र में सासाराम–बक्सर मुख्य मार्ग पर मुरादाबाद पुल के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई।

---

भागलपुर जोन के पोस्ट मास्टर जनरल मनोज कुमार ने बेगूसराय और खगड़िया के डाक विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन सौ पचास डाककर्मियों को आज सम्मानित किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए संसद के सभी सदस्यों से सहयोग का आह्वान किया।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक चौदह अप्रैल को होगी। भाजपा ने विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया।

03. प्रख्यात गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले का बानवे वर्ष की उम्र में मुंबई में निधन। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री समेत अन्य लोगों ने गहरा शोक प्रकट किया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का पूर्वानुमान व्यक्त किया।